आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

जयपुर, शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022
आश्विन शुक्ल पक्ष-12, 2079
कुल पृष्ठ 24 (बाल भास्कर, ऐच्छिक ₹ 10.00)
मूल्य ₹ 4.50 | वर्ष 26, अंक 289, महानगर

मुश्किलों के 2 साल बाद समृद्धि में निवेश...

टॉप 5 निवेश कौन से

- **रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लि.** 1 लाख करोड़ रु. निवेश, रिन्यूएबल एनर्जी में 10 हजार रोजगार देगी।
- **रिन्यू पावर** 50 हजार करोड़ निवेश, सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाएगी, 5 हजार लोगों को नौकरी देगी।
- **जेएसडब्ल्यू** 40 हजार करोड़, रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 1900 नौकरी देगी।
- **अडानी ग्रीन एनर्जी**- 40 हजार करोड़, सोलर सेक्टर में 25 हजार नौकरी देगी।
- **एक्सिस एनर्जी** 37 हजार करोड़ निवेश करेगी, सोलर पैनल बनाएगी, 6 हजार को नौकरी देगी।

टॉप 5 सेक्टर में क्या मिला

- **ऊर्जा** ₹799 हजार करोड़ का कुल निवेश मिला है पूरे राज्य में।
- **केमिकल एंड पेट्रो** ₹51214 करोड़ निवेश किए जाएंगे इस सेक्टर में।
- **सीमेंट** ₹33512 करोड़ का निवेश करेंगी कंपनियां।
- **माइंस एंड मिनरल्स** ₹24371 करोड़ का निवेश किया जाएगा स्टोन, माइन्स जैसे प्रोजेक्ट्स में।
- **टेक्सटाइल** ₹16875 करोड़ का निवेश होगा। इससे प्रदेशभर में 86356 लोगों को नौकरी मिलने की उम्मीद है।

टॉप 5 उद्योगपतियों ने क्या दिया

69 हजार करोड़ -गौतम अडानी

73 हजार करोड़ -अनिल अग्रवाल

15 हजार करोड़ -रतन टाटा

1 लाख करोड़ -मुकेश अंबानी

20 हजार करोड़ -एलएन मित्तल

जयपुर को क्या

- 1 हजार करोड़ का एमओयू। इलेक्ट्रिक बस के प्लांट के लिए।
- 3620 करोड़ का LOI ईवी मैन्युफेक्चरिंग के लिए।
- 815 करोड़ का ग्रामीण क्षेत्र में पावर प्रोजेक्ट डॉवसन एनर्जी बनाएगी। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री 3 हजार नौकरी देगी।

पधारो म्हारे निवेश • निवेशक खनन-खनिज में तो निवेश सौर ऊर्जा में सबसे ज्यादा

4192 घोषणाएं, समिट से पहले ही 10 करोड़ तक की 450 और 100 करोड़ से अधिक की 7 जमीन पर उतरीं

अर्पित शर्मा. जयपुर| 'इन्वेस्ट राजस्थान' आज से दो दिन दिग्गज उद्योगपति जेईसीसी में जुटेंगे। सरकार ने 4192 प्रस्तावों से 10.44 लाख करोड़ रुपए निवेश और इनसे 9.66 लाख नौकरियों की उम्मीद जताई है। खास यह है कि 10 करोड़ तक 450 एवं 100 करोड़ से अधिक की 7 योजनाएं जमीन पर भी आ चुकी हैं। एनर्जी सेक्टर 2.29 लाख नौकरियां देगा। उद्योग मंत्री ने कहा है कि एक साल में 60% घोषणाएं पूरी करेंगे।

	निवेश (करोड़ रु.)	जॉब
एनर्जी	7,98,833	2,29,561
कैमिकल्स	51,214	41,973
सीमेंट	33,511	31,883
मेडिकल-हेल्थ	2,65,43	73,376
माइन्स-मिनरल्स	24,371	1,01,786
टेक्सटाइल	16,875	86,356
टूरिज्म	12,052	56,473
एग्रो-फूड प्रोसेसिंग	11,536	88,402

सिर्फ भास्कर में... पहली बार स्टार्टअप को सरकारी फंड, 3.16 करोड़ मिलेंगे

समिट में पहली बार प्रदेश सरकार 65 स्टार्टअप को 3.16 करोड़ रुपए फंड देगी। इसके लिए 7 अक्टूबर को अलग सेशन होगा। सरकार ग्रांट व कनवर्टेबल लोन के रूप में फंड देगी। इसमें स्टार्टअप शुरू करने के लिए सीड फंड भी है। आईटी कमिश्नर आशीष गुप्ता ने कहा कि फंड देकर सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा देना चाहती है।

5 तरह के फंड बनाए

नाम	स्टार्टअप	राशि
सस्टेंस अलाउंस	21	25.2
कोविड रि. सीड ग्रांट	15	75
मार्केटिंग असिस्टेंस	19	185
सीड फंड	9	16
टेक्नो फंड	1	15

(राशि लाख रुपए में)

बुक्स पता करेंगी, बच्चा किसमें कमजोर

कप्स इनोवेशन की प्रियदर्शनी श्वेता ने बताया कि उन्होंने लर्न स्मार्ट, लर्न फास्ट थीम पर डिजिटल बुक्स बनाई हैं जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से पहचान करती है कि बच्चा किस क्षेत्र में कमजोर है।

हवा शुद्ध करने को बनाया प्यूरीफायर टावर

जायलम एनर्जी के पारस बछावत ने बताया कि उन्होंने हवा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए एयर प्यूरीफायर टावर तैयार किया है। इसका व्यास 50 मीटर है। भिवाड़ी में इसका ट्रायल भी सफल हो चुका है।

निवेश की परंपरा दिखाती यह तस्वीर... इसके 41 साल बाद बना राजस्थान

तस्वीर ब्यावर की एडवर्ड मिल की है। इसे 1908 में चंपालाल रामस्वरूप रानीवाला ने बनवाया था। इसमें 27,000 रुपए का निवेश हुआ था। राजस्थान राज्य की स्थापना इसके 41 साल बाद हुई। बाद में मालिकाना हक वाली कंपनी एनटीसी ने मिल बंद कर उसकी जमीन बेच दी। कभी हजारों घरों को चलाने वाली इस मिल की जमीन पर घर बन गए हैं।

भास्कर के पाठकों के लिए लिखा एक शीर्ष उद्यमी और एक यूनिकॉर्न मालिक ने...

प्रदेश रिसर्च एवं उत्पादन बढ़ाए तो विकास की रफ्तार और तेज होगी



अनिल अग्रवाल
चेयरमैन वेदांता लिमिटेड

राजस्थान संभावनाओं, अवसरों की भूमि है। आज प्रदेश विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भूमि ही नहीं बल्कि खनिज समृद्ध राज्य है। सीमेंट, संगमरमर, ग्रेनाइट व अन्य मूल्यवान पत्थरों के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। वेदान्ता को राजस्थान के विकास में भागीदार होने पर गर्व है। यहां अगले दौर की रिसर्च और उत्पादन गतिविधियां बढ़ें तो आर्थिक विकास के नए अवसर सामने आएंगे। राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा। -शेष | पेज 6

(जैसा उन्होंने डीडी वैष्णव को बताया)

स्टार्टअप के लिए साइबर सिटी जोन बने, सरकार भी इनकी ग्राहक हो

अनुराग जैन
को-फाउंडर, सीओओ, कार देखो

महामारी के दौरान वर्क फ्रॉम होम ने भारत में डिजिटल व्यवसायों के विकास को बढ़ावा दिया। परिणामस्वरूप यूनिकॉर्न सूची में ज्यादा स्टार्टअप जुड़े। राजस्थान से स्टार्ट अप निकलते तो हैं, लेकिन कुछ साल में उन्हें दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। हालांकि यहां बीते वर्षों के मुकाबले काफी बदलाव आया है। स्टार्टअप्स की ग्राहक आम जनता है, लेकिन राज्य सरकार को भी इनकी सेवाओं का ग्राहक बनना चाहिए। योजनाओं पर काम कर फाउंडर्स सरकार की मदद कर सकते हैं। यूनिकॉर्न को लैंड इंसेंटिव मिले, ताकि वे यहीं सुविधा सुसज्जित ऑफिस बनाएं और यहीं काम करें। शेष | पेज 6

(जैसा उन्होंने बकुल महेश को बताया)